Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार

स्वत्व वाद सं.27/21

सी.आई.एस.क्र.27/21

सदानन्द यादव एवम अन्य बनाम सारदा देवी एवम अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
11/06/24	वादी एवम प्रतिवादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है |यह अभिलेख प्रतिवादी सं.1,2 एवम 3 की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 06/05/24 पर सुनवाई एवम आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया | उक्त आवेदन को संचालित कर प्रतिवादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया की प्रतिवादी स.2 एवम 3 अशिक्षित व्यक्ति हैं एवम वे नकल हेतु आवेदन किए थे परन्तु नियत समय मे नकल न मिल पाने के कारण प्रतिवादी नियत समय मे उपस्थित नही हो सके जिस कारण से उनके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई का आदेश पारित हो गया है | अत: निवेदन है की उक्त आदेश को वापस लेते हुए प्रतिवादी सं.2 एवम 3 के लिखित कथन को ग्रहण करने की कृपा की जाय| वादी के द्वारा मौखिक आपत्ति व्यक्त किया गया है | उभयपक्ष को सुना एवम अभिलेख का अवलोकन किया | अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है की प्रतिवादी सं.1,2 एवम 3 नियत समय मे उपस्थित नही हुए जिस कारण से दिनांक 02/11/23 को एव्क पक्षीय सुनवाई का आदेश किया गया है | इस वाद मे अभि कोइ भी साक्ष्य प्रस्तुत नही किया गया है | वाद के प्रभावी एवम न्यायपूर्ण निराकरण हेतु उभयपक्ष के अभिवचन को अभिलेख पर लाया जाना आवश्यक है |अत: वादी के उक्त आवेदन को स्वीकृत कर प्रतिवादी गण के लिखित कथन को ग्रहण किया जाता है | वाद दिनांक 18/07/24को धारा 89 सी.पी.सी. के अन्तर्गत निपटारे हेतु नियत | लेखापित- असैनिक न्यायाधीश(व.को.) बनमनखी, पूर्णिया	